RAF SECTOR

NEWS CLIP

24/02/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Samachar Jagat, Jaipur (RJ)

द्रुत कार्य बल ने किया सौर ऊर्जा जागरूकता व प्रोत्साहन कार्यक्रम

जयपुर, समाचार जगत न्यूज। सोमवार को 83 बटालियन, लालवास, जयपुर ने क्षेत्रीय के.रि.पु. बल कल्याण केन्द्र-83 बटालियन के तत्वावधान में प्रवीण कुमार सिंह, कमांडेट, 83 बटालियन के नेतृत्व में ग्राम सालेग्रामपुरा, चाकसू में वैकल्पिक ऊर्जा तथा सौर ऊर्जा के महत्व को समझाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में रिन्यूएबल एनर्जी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष अजय कुमार यादव व महासचिव अरविन्द सिन्धावा ने विस्तार से पवन ऊर्जा, जल विद्युत ऊर्जा, जीवश्म तथा सौर ऊर्जा के बारे में सौर संयंत्र लगाने पर दिए जाने वाली सब्सिडीयों के बारे में आम लोगों को जानकारी दी। सौर ऊर्जा के उपकरणों के रखरखाव व आईटीआई कोर्स के लिए प्रोत्साहित किया। वर्तमान में सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों के बारे में भी विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के आरम्भ में उप. कमा. धन्नाराम यादव ने रेअर के अध्यक्ष अजय कुमार यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा यादव ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सौर ऊर्जा की जानकारी दी तथा इस संबंध में सरकारी सहायता योजनाओं के बारे में जागरुक किया। इस दौरान धन्नाराम यादव, उप कमा., उप निरीक्षक दिनेश कुमार भट्ट रेयर के अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव अरविन्द सिन्धावा, ग्राम सरपंच शंकर लाल, प्रधानाध्यापिका रीना कुमारी मीणा व द्रुत कार्य बल के जवान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।